कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

सं0 संख्या 8/कृ0नि0यो0वि0–35/2013 /कृ0 पटना, दिनांक 2014

प्रेषक,

रविन्द्र कुमार वर्मा,
राज्य नोडल पदाधिकारी, यांत्रिकरण
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला कृषि पदाधिकारी,

विषयः– **कृषि यांत्रिकरण योजना 2014–15 अन्तर्गत कृषि यंत्र अनुदान हेतु आवेदकों (कृषकों) से हाथों– हाथ आवेदन स्वीकार करने के सम्बंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में कहना है कि कृषि यांत्रिकरण योजना 2014–15 अन्तर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु आवेदकों (कृषकों) से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है, परन्तु कहीं–कहीं से तकनीकी कारण वस कम्प्यूटर द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किये जाने की शिकायत भी मिल रहीं है।

अतः आवेदकों/कृषकों के साथ आ रही समस्या को दूर करने हेतु कृषि विभाग द्वारा सम्यक विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि कृषि यंत्र अनुदान हेतु सभी जिला कृषि कार्यालयों/प्रखंड कृषि कार्यालय में ऑन लाईन आवेदन के साथ–साथ आवेदकों/कृषकों से हाथों–हाथ भी आवेदन स्वीकार किया जाय। उसकी ऑन लाईन प्रविस्टि DAO/BAO द्वारा अपने स्तर से कराई जाय।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उक्त प्रस्ताव पर प्रधान सचिव, कृषि का अनुमोदन प्राप्त है।

~~अनु0:– यथोक्त~~

विश्वासभाजन
ह0/–
(रविन्द्र कुमार वर्मा)
राज्य नोडल पदाधिकारी यांत्रिकरण
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– कृ0/दिनांक................

प्रतिलिपि :– कृषि निदेशक, बिहार, पटना/सभी संयुक्त कृषि निदेशक, /सभी प्रमंडल, कृषि पदाधिकारी/उप कृषि निदेशक, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
राज्य नोडल पदाधिकारी यांत्रिकरण
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 4372 कृ0/दिनांक 13-10-14

प्रतिलिपि :– आई0टी0मैनेजर कृषि विभाग, बिहार, पटना को सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को ई–मेल भेजने तथा विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/10/2014
राज्य नोडल पदाधिकारी यांत्रिकरण
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

D:\2014\Mechanization\Manth wise letter\Octob.docx